प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांकः–04.05.2024

दिनांक 05.05.2024 को श्रीसैन जयन्ती महोत्सव समिति जोधपुर द्वारा एक विशाल शोभायात्रा गुलाब सागर सैन मन्दिर से प्रातः10.00 बजे रवाना होकर घण्टाघर, नई सड़क, सोजतीगेट, रेल्वे स्टेशन से रणछोड़दास मन्दिर, एम.जी.एच. रोड़, जालोरीगेट से कुम्हारियां कुआं, आडा बाजार, सिटी पुलिस, कन्दोई बाजार होते हुए गुलाब सागर पर विसर्जित होगी।

इस शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आमजन के वाहनों का आवागमन हेतु निम्न प्रकार से वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी।

1. शोभायात्रा घण्टाघर पहुंचने के दौरान नई सड़क से घण्टाघर के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।
2. शोभायात्रा नई सड़क चौराहा पंहुचने पर पावटा चौराहा से नई सड़क होते हुए रेल्वे स्टेशन व जालोरीगेट की तरफ जाने वाले समस्त यातायात को पावटा से डाईवर्ट कर ताराचन्द सर्किल, सर्किट हाउस, पांचबत्ती चौराहा, रिक्तिया भौरूजी होते हुए 12 रोड़ की तरफ आ–जा सकेगें। इसी तरह 12 वी रोड़ व आखलिया की तरफ आने वाला यातायात पांचवी रोड़ चौराहा से रेजीडेन्सी रोड़ होते हुए रिक्तिया भैरूजी, पांचबत्ती व सर्किट हाउस से पावटा की तरफ आ–जा सकेगें
3. शोभायात्रा जालोरीगेट से बालवाड़ी की तरफ मुड़ने पर आडा बाजार से जालोरीगेट तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।
4. शोभायात्रा का अगला सिरा आडा बाजार से सिटी पुलिस तिराहा की तरफ मुड़ने पर घण्टाघर व माणकचौक से आडा बाजार तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।

आमजन से अपील की जाती हैं कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

(दुर्गाराम चौधरी)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात आयुक्तालय जोधपुर